नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **13**

# S-96-Hindi (D & D)

No. of Printed Pages – **12**

# माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2017

## हिन्दी

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश** :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के अ, ब, स, द भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

**खण्ड – अ**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

स्वामी जी के साथ वे हिमालय की पैदल यात्रा पर निकली । मार्ग में पटना, वाराणसी, लखनऊ, पंजाब में रावलपिण्डी, बारामुला होते हुए वे कश्मीर पहुँचे । प्रथम बार उन्हें भारत के तीर्थ, नदियों, पर्वत, ग्राम्य जीवन व धर्मप्राण श्रद्धालु भारतीयों को देखने-समझने का अवसर मिला । स्वामी जी उन्हें भारत के इतिहास, भूगोल, स्थानीय विशेषताओं, धर्म-दर्शन आदि के विषय में बताते रहते थे । वे अमरनाथ की दुर्गम यात्रा पर स्वामी जी के साथ अकेली गई । इस यात्रा ने मानो उनके जीवन को परिवर्तित ही कर दिया । यहाँ उनकी अनेक साधु-संतों से भेंट हुई जो विभिन्न सम्प्रदायों के थे । इससे उन्हें हिन्दू धर्म को समझने में सहायता मिली । लौटते समय वे लाहौर, दिल्ली, आगरा, वाराणसी होते हुए कलकत्ता पहुँचे । यह यात्रा उनके आगामी जीवन की तैयारी थी । उन्होंने गीता का अध्ययन आरम्भ किया और निरन्तर ध्यान करने लगी । उन्होंने अपने आप को जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य आत्मा के मोक्ष और जगत के हित के लिए समर्पित कर दिया ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **2**

(ख) भगिनी निवेदिता को यात्रा के दौरान क्या देखने व समझने का अवसर मिला ? **2**

(ग) यात्रा में लौटते समय कहाँ से कहाँ पहुँचे ? **2**

(घ) "यह यात्रा उनके आगामी जीवन की तैयारी थी ।" ऐसा किसके लिए कहा गया ? **2**

- (अ) भगिनी निवेदिता के लिए
- (ब) रामकृष्ण परमहंस के लिए
- (स) शंकराचार्य के लिए
- (द) महात्मा बुद्ध के लिए

(ङ) जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है **2**

(अ) भक्ति करना ।

(ब) आनंद प्राप्त करना ।

(स) आत्मा का मोक्ष व जगत् हित

(द) जीवन में प्रसिद्धि प्राप्त करना ।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जिसमें दधीचि, दानी हरिचन्द, कर्ण-से थे,
सब लोक का हितैषी, वह देश कौन-सा है ?
वाल्मीकि, व्यास ऐसे जिसमें महान कवि थे,
श्री कालिदास वाला वह देश कौन-सा है ?

निष्पक्ष न्यायकारी जन जो पढ़े-लिखे हैं,
वे सब बता सकेंगे, वह देश कौन-सा है ?
हैं कोटि-कोटि भाई सेवक सपूत जिसके,
भारत सिवाय दूजा वह देश कौन-सा है ?

(क) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

(ख) भारत में कौन लोक हितैषी लोग हुए हैं, उनके नाम लिखिए । **1**

(ग) भारत के महान कवियों के नाम लिखिए । **1**

(घ) 'निष्पक्ष' शब्द का अर्थ है 1

(अ) पक्ष-पात रहित

(ब) प्रेम रहित

(स) परम्परा रहित

(द) हित चाहने वाले

(ङ) 'भाई' शब्द का पर्यायवाची शब्द है 1

(अ) भ्राता

(ब) जामाता

(स) नकुल

(द) दामाद

**अथवा**

हिमालय के आँगन में उसे प्रथम किरणों का दे उपहार ।
उषा ने हँस अभिनन्दन किया और पहनाया हीरक हार ।
जगे हम, लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक ।
व्योम तम पुंज हुआ तब नष्ट, अखिल संसृति हो उठी अशोक ।
विमल वाणी ने वीणा ली, कमल-कोमल-कर में सप्रीत ।
सप्तस्वर सप्त सिन्धु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगीत
बचा कर बीज रूप से सृष्टि, नाव पर झेल प्रलय शीत
अरुण केतन लेकर निज हाथ, वरुण पथ में हम बढ़े अभीत
सुना है वह दधीचि का त्याग, हमारा जातीयता विकास

(क) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

(ख) उषा ने किरणों का उपहार किसे दिया ? **1**

(ग) लोक में आलोक कैसे फैला ? **1**

(घ) 'अखिल' शब्द का सही अर्थ है – **1**

(अ) संपूर्ण

(ब) किंचन

(स) दर्पण

(द) संसार

(ङ) 'विश्व' शब्द का पर्याय है **1**

(अ) ग्राम्य

(ब) जनपद

(स) संसार

(द) आलोक

## खण्ड – ब

3. दिए गये संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **150** शब्दों में निबंध लिखिए : **8**

(क) हमारा आदर्श विद्यालय

(i) आदर्श विद्यालय का अर्थ

(ii) विद्यालय की विशेषताएँ

(iii) विद्यार्थी एवं अध्यापकों का व्यवहार

(iv) भौतिक सुख सुविधाएँ

(v) उपसंहार

(ख) मेरा प्रिय खेल

(i) प्रिय खेल का नाम, एवं प्रिय क्यों ?

(ii) खेल की विशेषताएँ

(iii) मेरी रुचि

(iv) स्वास्थ्य एवं खेल

(v) उपसंहार

(ग) मेरे प्रिय त्योहार

(i) त्योहार का अर्थ

(ii) त्योहार का जीवन में महत्त्व

(iii) त्योहार मेल-मिलाप के प्रतीक

(iv) त्योहार मनोरंजन में सहायक

(v) उपसंहार

(घ) आँखों देखे मेले का वर्णन

(i) मेला का अर्थ व मेलों का नाम

(ii) जीवन में मेलों का महत्त्व

(iii) मेलों का जन सामान्य पर प्रभाव

(iv) मेलों में संस्कृति का दृश्य

(v) उपसंहार

4. स्वयं को हेमन्त मानकर राजकीय मा. विद्यालय सूर्यपुर के प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के पुस्तकालय हेतु ज्ञानवर्धक पुस्तकें मँगवाई जाने के लिए निवेदन किया गया हो । **5**

**अथवा**

स्वयं को दृष्टि वर्मा मानते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें भरतपुर व आगरा भ्रमण के बारे में बताया गया हो । **5**

5. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) (i) 'हाथी धीरे-धीरे चलता है ।' वाक्य में क्रिया-विशेषण लिखिए । **1**

(ii) 'देवेन्द्र पुस्तक पढ़ रहा है ।' वाक्य में क्रिया लिखिए । **1**

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में अकर्मक क्रिया है : **2**

(i) घोड़ा दौड़ता है ।

(ii) छात्र पुस्तक पढ़ता है ।

(iii) माताजी खाना बनाती हैं ।

(iv) अदिति केला खाती है ।

(ग) संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं, परिभाषा लिखते हुए उदाहरण लिखिए । **3**

(घ) (i) 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1½**

(ii) 'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1½**

(ङ) (i) 'उपमा' अलंकार की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए । **2**

(ii) 'घर' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए । **2**

**खण्ड – स**

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मन की मन में माँझ रही ।
कहिए जाइ कौन पै उधौ, नहीं परत कही ।
अवधि अधार आस आवन की, तन-मन बिथा सही ।
अब इन जोग संदेशसनि सुनि-सुनि बिरहिनि बिरह दही ।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तें धार बही ।
‘सूरदास’ अब धीर धरहिं क्यों, मरजादा न लही ।।

(क) उपर्युक्त काव्यांश में कौन किससे कह रहा है ? **2**

(ख) काव्यांश में गोपियों के दु:ख को अपने शब्दों में लिखिए । **2**

**अथवा**

विकल-विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए, आज्ञात दिशा से अनंत के घन !
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो
बादल, गरजो !

(क) बादल आकर बरसने से जन मानस पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **2**

(ख) तप्त धरा पर बादलों का प्रभाव लिखिए । **2**

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए :

(क) माँ को अपनी बेटी अन्तिम पूँजी क्यों लग रही थी ? **2**

(ख) बच्चे की दन्तुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **2**

(ग) चाँदनी रात के सौन्दर्य को अपने शब्दों में लिखिए । **2**

(घ) "सींवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की" पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । **2**

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लड़की अभी अभी सयानी नहीं थी

अभी इतनी भोली सरल थी

कि उसे सुख का आभास तो होता था

लेकिन दु:ख बाँचना नहीं आता था

पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की

कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की ।

(क) लड़की अभी कैसी थी ? **1**

(ख) उसको किसका आभास होता था ? **1**

(ग) उसे क्या बाँचना नहीं आता था ? **1**

(घ) वह कैसी पाठिका थी ? **1**

(ङ) प्रस्तुत काव्यांश संदेश स्पष्ट कीजिए । **1**

**अथवा**

हमारैं हरि हारिल की लकरी

मन क्रम बचन नंद नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।

जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी ।

सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुइ ककरी ।

सु तौ ब्याधि हमकौं ले आए, देखी सुनी न करी

यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपो, जिनके मन चकरी

(क) कृष्ण को हारिल की लकरी क्यों कहा है ? **1**

(ख) गोपियों की क्या दशा है ? **1**

(ग) जोग (योग) संदेश गोपियों को कैसा लगा ? **1**

(घ) उद्धव कौन सी व्याधि ले आये ? **1**

(ङ) "जिनके मन चकरी" कहकर गोपियाँ क्या संदेश देना चाहती हैं ? **1**

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ धरती से कुछ ज़्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें । पिताजी की हर ज़्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित अनुचित फ़रमाइश और ज़िद को अपना फ़र्ज समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थी वे । उन्होंने ज़िन्दगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं केवल दिया ही दिया । हम भाई-बहिनों का सारा लगाव माँ के साथ था लेकिन निहायत असहाय मजबूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका ।

(क) लेखिका की माँ की क्या विशेषता थी ? **2**

(ख) लेखिका की माँ लेखिका की आदर्श क्यों नहीं बन सकी ? **2**

**अथवा**

वैदिक इतिहास में शहनाई का कोई उल्लेख नहीं मिलता । इसे संगीत शास्त्रान्तर्गत 'सुषिर-वाद्यों' में गिना जाता है । अरब देश में फूँककर बजाए जाने वाले वाद्य जिसमें नाड़ी होती है, को 'नय' बोलते हैं । शहनाई को शाहेनय अर्थात् सुषिर वाद्यों में शाहि की उपाधि दी गई है । सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में तानसेन के द्वारा रचि बंदिश जो संगीत राग कल्पद्रुम से प्राप्त होती हैं, में शहनाई, मुरली वंशी श्रृंगी एवं मुरछंग आदि का वर्णन आया है ।

(क) शहनाई का इतिहास स्पष्ट कीजिए । **2**

(ख) 'राग कल्पद्रुम' के आधार पर वाद्य यंत्रों के नाम लिखिए । **2**

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) फादर बुल्के की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ? **2**

(ख) लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा ? **2**

(ग) तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अन्तर है ? स्पष्ट करें । **2**

(घ) आप कैसे कह सकते हैं, कि बिस्मिल्ला खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे ? **2**

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

(क) वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ? **2½**

(ख) आप कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खाँ एक सच्चे इंसान थे ? **2½**

(ग) लेखिका मन्नू भण्डारी का बचपन कहाँ व कैसे बीता ? **2½**

## खण्ड – द

12. हमारी आजादी की लड़ाई में समाज के उपेक्षित माने जाने वाले वर्ग का योगदान भी कम नहीं रहा है । कहानी में ऐसे लोगों के योगदान को लेखक ने किस प्रकार उभारा है ? **4**

**अथवा**

अज्ञेय जी एक सच्चा लेखन किसे मानते हैं ? **4**

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) दुलारी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । **2**

(ख) हिरोशिमा पर कविता लिखते समय लेखक की मन:स्थिति क्या थी ? **2**

(ग) गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है ? **2**

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE